पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस-विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 20 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 26.03.2023

दिनांक 25/26-03-2023 को रात्रि थाना आशियाना 01, थाना बंथरा 03, थाना बाजारखाला 01, थाना काकोरी 12, थाना ठाकुरगंज 01, थाना इटौंजा 01, थाना निगोंहा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, इस प्रकार वांछित में कुल 20 अभियुक्त गिरफ्तार।

भा0द0वि0

थाना आशियानाः- दिनांक 26-03-2023 को थाना आशियाना द्वारा बताया गया कि वादी विनोद कुमार द्विवेदी पुत्र स्व0 विजय बहादुर द्विवेदी निवासी 121 जलवायु विहार फेस 2 मानसरोवर योजना सेक्टर पी थाना आशियाना लखनऊ ने थाना आशियाना पर सूचना दिया कि वादी दिनांक 13.03.2023 को अपनो पैतृक स्थान जनपद कन्नौज गया था। वादी ने अपने मकान की बाहरी गेट की चाभी घर पर काम करने वाली रीता को दी थी ताकि वह गमलो में पानी दे सके। दिनांक 25-03-2023 को समय करीब 09 बजे वादी को उसके पडोसियों ने फोन पर बताया कि उसके घर के सभी ताले टूटे हुए है और सामान बिखरा हुआ है। वादी ने इस सूचना पर आकर देखा तो वादी के घर से सोने चाँदी के कीमती जेवरात व 50,000/- रूपये नकद अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया है। **इस सूचना पर थाना आशियाना पर मु0अ0सं0 114/2023 धारा 380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना मानकनगर- दिनांक 26-03-2023 को थाना मानकनगर द्वारा बताया गया कि वादिनी श्रीमती श्वेता चौधरी पत्नी श्री अनिल कुमार निवासी एलडी 102 पुराना आरडीएसओ थाना मानकनगर लखनऊ ने थाना मानकनगर पर सूचना दिया कि वादिनी दिनांक 22.03.2023 को अपने मायके पारा गई थी। दिनांक 24-03-2023 को सुबह वादिनी को जानकारी मिली उसके घर चोरी हुई है। वादिनी जब अपने आवास पहुंची तो देखा उसके घर के सभी ताले टूटे हुए है और कमरे के अन्दर का सारा सामान बिखरा हुआ है। वादिनी के घर का सामान व नकद अज्ञात चोरो द्वारा चोरी कर लिया गया था। **इस सूचना पर थाना मानकनगर पर मु0अ0सं0 24/2023 धारा 457/380 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना पाराः-दिनांक 26-03-2023 को थाना पारा द्वारा बताया गया कि श्रीमती नीतू वर्मा पत्नी आदित्य कुमार निवासी कुमार पुरम् थाना पारा लखनऊ द्वारा थाना पारा पर सूचना दी गई कि आज दिनांक 26.03.2023 को उसका भाई सोनू वर्मा उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र डम्बर वर्मा नशे की हालत में खुद को मार रहा था और अपना सिर भी फोड़ लिया और घर वालों को मार पीट कर घर से बाहर निकाल दिया और पीछे वाले बरामदे में पंखे से दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया है।जिससे उसकी मृत्यु हो गई है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री सतीश कुमार गुप्ता मो0नं0- 9453405145 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि सोनू वर्मा उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र डम्बर वर्मा निवासी कुमार पुरम् थाना पारा लखनऊ अविवाहित था और नशे का आदी था।